दिनांक 13.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ विधायक विद्यारतन भसीन ने कहा कि वृक्ष को हम अपने जीवन से जोड़ लें तो वह आपके मन को समझने लगेगा। उन्होने वृक्ष को मित्र बनाकर देखरेख करने का आव्हान किया।

श्री भसीन कोसानगर शासकीय हाई स्कुल परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बच्चों के बीच बोल रहे थे। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष राकेश अरोरा ने कहा कि वृक्ष मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक जुड़ा रहता हैं।

निगम के उद्यान विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के प्रारंभ में विभिन्न वार्डों में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् नीम, गुलमोहर, कनेर, सेमर, अशोक, जामुन के पौधे लगाया जा रहा हैं। विधायक श्री भसीन के साथ स्कुल के बच्चों ने शाला प्रांगण सहित आसपास 100 पौधे रोपित किये। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश यादव, आभार प्रदर्शन शरद विजय ने किया।

जनसम्पर्क अधिकारी